>

Title: Need to take steps to settle distressed Hindu families who came from Pakistan and provide them a permanent home in India.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): विगत 2 वर्षों से पाकिस्तान में भारतीय हिन्दुओं पर पाकिस्तानी नागरिकों द्वारा अत्याचार की सारी सीमाएं पार कर दी है। पिछले एक माह में पहले चार हिन्दु डॉक्टरों को सरेआम गोली मार दी गई फिर एक सप्ताह बाद हिन्दुओं का सामूहिक नरसंहार किया गया जिसमें अनेक लोग मारे गए। हिन्दुओं की संपत्ति लूटी जा रही है, उनकी महिलाओं का अपमान किया जा रहा है, पाकिस्तान में उनकी संपत्ति पर कब्जा किया जा रहा है।

पिछले माह 113 पाकिस्तानी हिन्दुओं और सिंधियों का जत्था भारत आया हुआ है, वह लोग पाकिस्तान के अत्याचारों से इतने भयभीत हैं कि अब वापस पाकिस्तान नहीं जाना चाहते हैं, इन्हीं में से एक 17 वर्षीय बीमार कन्हैया से जब मीडिया ने बात की तो उसने कहा कि मैं मर जाऊंगा लेकिन पाकिस्तान नहीं जाऊंगा।

उसने मीडिया से मदद मांगते हुए कहा कि आप हमारी मदद कीजिए और 2 दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पाकिस्तानी हिन्दुओं के भारत में रहने और आने पर जो बाधाएं/कठिनाइयां हैं, उन नियमों को शिथिल कर इन पाकिस्तानी हिन्दुओं की जान की रक्षा करने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाते हुए निर्णय लें।